कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-24.02.2024

थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा 02 शातिर चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी गयी 01 अदद बैट्री व घटना मे प्रयुक्त वाहन 01 अदद टैम्पू बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम, चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व में थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-66/2024 धारा 380/411 भा0द0वि0 थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी से संबंधित वांछित अभियुक्तगण 1.नरसिंह पुत्र मन्नालाल राजभर नि0-खालिसपुर थाना सारनाथ वाराणसी व 2.मन्नी उर्फ बॉबी देवल राजभर पुत्र शिवकुमार नि0-रघुनाथपुर थाना सारनाथ वाराणसी को आज दिनांक-24.02.2024 को समय करीब 10.05 बजे कम्पोजिट विद्यालय कोटवा से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी गयी बैट्री व घटना मे प्रयुक्त वाहन 01 अदद टैम्पू को बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सारनाथ पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण-दिनांक-23.02.2024 को वादी मुकदमा श्री शोभनाथ यादव पुत्र शिवपुजन यादव निवासी म0नं0 A34/118 तेलियाना गोलगड्डा वाराणसी ने दिनांक-22.04.2024 को सलारपुर के पास से वादी की के वाहन रजि0नं0 UP 65 JT 5004 टोटो रिक्शा मे से तीन बैट्री चोरी कर लेने के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना सारनाथ मे मु0अ0सं0-66/2024 धारा 380 भा0द0वि0 पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना उ0नि0 लल्लन सिंह यादव द्वारा सम्पादित की जा रही है।

विवरण पूछताछ- अभियुक्त मन्नी उर्फ बॉबी देवल राजभर ने पूछताछ करने पर बताया कि दिनांक-22/23.2.24 की रात मे हमने अपने अन्य साथियों के साथ योजना बनाकर चालक नरसिंह जो गाड़ी मालिक भी है, इन्हे साथ लेकर रात में सलारपुर में दो गाड़ी से कुल चार बैट्री खोलकर तथा एक गाड़ी में पहले से यह बैट्री चार्ज रखी थी जिसे चुराकर हम लोग दो टीम बना कर बेचने निकले थे। इस गाड़ी में रखी बैट्री उन्ही गाड़ियो में से उठाये है जो नरसिंह के घर रखी गयी थी हमलोग इसे पड़ाव बेचने जा रहे थे। शेष खोली हुई चारी की बैट्री हमारे अन्य साथी एक आटो में बेचने गये है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1.नरसिंह पुत्र मन्नालाल राजभर नि0-खालिसपुर थाना सारनाथ वाराणसी, उम्र 28 वर्ष।

2.मन्नी उर्फ बॉबी देवल राजभर पुत्र शिवकुमार नि0-रघुनाथपुर थाना सारनाथ वाराणसी, उम्र 20 वर्ष।

<u>बरामदगी का विवरण-</u> 01 अदद चोरी की बैट्री EXIDE MILLALE RED CAR व घटना मे प्रयुक्त वाहन 01 अदद टैम्पू बरामद।

<u>गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>

01-उ0नि0 लल्लन सिंह यादव थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।
02-हे0का0 विजेन्द्र सिंह थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।
03-का0 नरेन्द्र राय थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।
04-का0 रामवीर सिंह थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।
05-का0 सुधीर कुमार थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरूणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।